संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह



आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

● वर्ष- 15 अंक-226● कटनी ● शनिवार, 18 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष -12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते सीएम शिवराज



विमानतल पर श्री शाह का स्वागत करते प्रदेशभाजपाध्यक्ष वीडी शर्मा



गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते सांसद राकेश सिंह

# बलिदान की स्मृति को पुर्नजीवित करेंगे

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहा



**जबलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राजा शंकरशाह कुंवर रघुनाथ शाह को जब तोप से उड़ाया होगा तब कैसा लगा होगा देश भक्तों को। इन बलिदानियों के कारण ही हम 75 साल से आजादी की सांस ले रहे हैं। प्रधानमंत्री के संकल्प के कारण गुमनाम शहीदों को याद कर रहे हैं। पिछली बार जब जबलपुर आया था तब इन दो बलिदानियों की वीरगाथा को सुना था। देश में अनेक ऐसे बलिदानी हैं जिन्हें उचित सम्मान नहीं मिला। हम ऐसे बलिदानियों को नहीं भुला सकते। जाने अनजाने सभी स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को याद किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि मप्र के छिंदवाड़ा, छत्तीसगढ़ के रायपुर सहित देशभर में नौ जनजाति संग्रहालय बनाए जाएंगे। इसमें 200 करोड़ का बजट रखा गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित जनजातीय नायकों के गौरव समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित अन्य मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पहले उन्होंने जनजाति नायकों के जीवन पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मालगोदाम चौक पर वीर बलिदानी राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जबलपुर में जनजातीय बलिदानी राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह की स्मृति में 5 करोड़ की लागत से संग्रहालय बनेगा। गृह मंत्री ने मंच से किया भूमिपूजन। संग्रहालय बलिदानियों की प्रतिमा स्थली पर बनेगा।

### कार्यक्रम की मुख्य बातें

- जनजाति नायकों के शौर्य पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई।
- जनजाति नायकों पर आधारित एलबम का विमोचन किया गया।
- मुख्यमंत्री ने तुलसी का पौधा देकर किया गृह मंत्री का स्वागत।
- जनजातीय नेताओं ने गृह मंत्री सहित सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर तीर कमान सौंपी।
- 4 घंटे का प्रवास चप्पे चप्पे पर सुरक्षा

### भाजपा ने जनजातियों के विकास के लिए कार्य किया- शिवराज

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने राजा शंकर शाह की कविता को पढ़कर कहा कि इस कविता ने स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी भड़काने का काम किया। कांग्रेस की सरकारों ने आजादी के लिए लड़ने वाले केवल कुछ लोगों का नाम बताया। इन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का नाम सामने नहीं आया। अपनी मातृभूमि के लिए उन्होंने अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। सीएम शिवराज ने कहा कि 15 नवंबर को हर साल जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। 1 नवंबर से 89 आदिवासी विकासखंड में हर गांव में हर घर राशन पहुंचाएंगे। जो गाड़ी राशन पहुंचाएगी वो भी आदिवासी बेटा-बेटी की होगी। उन्होंने कहा कि 26 हजार हर माह गाड़ी का किराया देंगे। आदिवासी भाई बहन को गाड़ी फाइनांस कराएंगे, जिसकी बैंक गारंटी सरकार लेगी। भाजपा ने हमेशा जनजातियों के विकास के लिए काम किया। देश में जनजातीय मंत्रालय का गठन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के कार्यकाल में हुआ।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने घोषणा की कि सामुदायिक वन प्रबंधन के अधिकार आदिवासियों को दिए जाएंगे। तेंदुपत्ता और वैन समिति का अधिकार आदिवासियों को दिए जाएंगे। वनोपज को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। वनोपज औषधिया को प्रोसेज कर बेचेंगे।आदिवासियों के लिए पेश एक्ट क्रमबद्ध तरीके से करेंगे। वनों का प्रबंधन का काम आदिवासी समिति यानी ग्राम सभा को सौपा जाएगा। पेश ग्राम सभाओं का गठन किया जाएगा। वर्ग संघर्ष नहीं सामाजिक समरसता होगी।

### एलबम का विमोचन

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सिंगल क्लिक के माध्यम से पांच करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले स्मृति स्मारक का भूमिपूजन किया। इस दौरान जननायकों पर आधारित एलबम का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में वीडियो फिल?म का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस?ते, प्रहलाद पटेल, सांसद राकेश सिंह, प्रदेश के मंत्री नरोत्तम मिश्रा, बिसाहू लाल सिंह, गोपाल भार्गव, अरविंद सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# इस्तीफा मांगे जाने की अटकलों के बीच कैप्टन अमरिंदर ने बुलाई अपने समर्थक विधायकों की बैठक



पंजाब की राजनीति के लिए शनिवार का दिन अहम साबित हो सकता है। कांग्रेस ने अपने विधायक दल की बैठक बुलाई है और माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर बड़ा फैसला हो सकता है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि पार्टी आलाकमान ने कैप्टन से इस्तीफा देने को कहा दिया है। कैप्टन ने भी बागी तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। उन्होंने दोपहर में अपने समर्थक विधायकों की बैठक बुलाई है। वहीं नवजोत सिंह सिद्धू के एक सलाहकार ने ट्वीट कर साफ कह दिया है कि अब मुख्यमंत्री बदलने का वक्त आ गया है। कुल मिलाकर शाम पांच बजे विधायक दल की बैठक होना है, जिसके बाद बड़ा सियासी ड्रामा सामने आ सकता है। इस बीच, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से फोन पर बात की है। विधायक दल की बैठक में बैठक में पार्टी के पंजाब प्रभारी हरीश रावत भी मौजूद रहेंगे। कहा जा रहा है कि पार्टी के करीब 40 विधायक कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ हो गए हैं। पंजाब कांग्रेस विधायक दल की बैठक की जानकारी खुद हरीश रावत ने दी। उन्होंने ट्वीट किया, एआईसीसी के निर्देश पर पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में विधायक दल की बैठक शनिवार शाम पांच बजे बुलाई गई है। पंजाब के सभी कांग्रेस विधायकों से अनुरोध है कि कृपया इस बैठक में भाग लें। बड़ी संख्या में कांग्रेस विधायकों ने एआईसीसी से तुरंत यह बैठक बुलाने का अनुरोध किया गया है।

## जन्मदिन तो बहुत आए, लेकिन कल का दिन भावुक करने वाला रहा- पीएम मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोवा के स्वास्थ्यकर्मियों से बात की। पीएम मोदी ने कहा, कोरोना के खिलाफ लड़ाई में ये बहुत बड़ी बात है। इसके लिए गोवा के सभी लोगों को बहुत-बहुत बधाई। पीएम मोदी ने कहा कि जन्मदिन तो बहुत आए, लेकिन कल का दिन भावुक करने वाला रहा। कल का दिन मेरे मन को छू गया। मैं प्रत्येक देशवासी को नमन करता हूं। मैं देश के सभी डॉक्टरों, मेडिकल स्टाफ, प्रशासन से जुड़े लोगों की भी सराहना करना चाहता हूं। आप सभी के प्रयासों से कल भारत ने एक ही दिन में ढाई करोड़ से भी अधिक लोगों को वैक्सीन देने का रिकॉर्ड बनाया है। जन्मदिन तो बहुत आए और बहुत गए पर मैं मन से हमेशा इन चीजों से अलिप्त रहा हूं, इन चीजों से मैं दूर रहा हूं। पर मेरी इतनी आयु में कल का दिन मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला था हर किसी ने इसमें बहुत सहयोग किया है।

## चारधाम यात्रा आज से

**देहरादून।** आज यानी शनिवार से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। बदरीनाथ धाम में सुबह से ही भक्त पहुंचे और भगवान बदरीश का आशीर्वाद लिया। वहीं यात्रा के लिए शुक्रवार को ही परिवहन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली। परिवहन आयुक्त दीपेंद्र कुमार चौधरी ने बैठक ली और यात्रा के लिए दो अस्थायी चेकपोस्ट बनाने का निर्णय लिया है। परिवहन सचिव ने आदेश जारी किया है कि सभी तरह के सार्वजनिक यात्री वाहनों के भौतिक रूप से निरीक्षण के बाद ही ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे। पहली बार सभी वाहनों में क्यूआर कोड लगेंगे, जिससे वाहनों की चेकिंग आसान होगी।शुक्रवार को परिवहन आयुक्त दीपेंद्र कुमार चौधरी ने मातहतों की बैठक ली। बैठक में आरटीओ देहरादून को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा एआरटीओ ऋषिकेश, देहरादून, हरिद्वार, उत्तरकाशी, पौड़ी, कोटद्वार, रुड़की, कर्णप्रयाग और टिहरी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। ऋषिकेश में यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग संयुक्त रूप से सहायता केंद्र की स्थापना करेगा।

### ज्योतिषाचार्य पं नारायणशंकर नाथूराम व्यास की भविष्यवाणी

# उत्तरप्रदेश-गुजरात में फिर बनेगी भाजपा की सरकार



**जबलपुर, यशभारत।** प्रख्यात भविष्यवक्ता ज्योतिषाचार्य पं नारायणशंकर नाथूराम व्यास ने अपनी भविष्यवाणी में कहा है कि आगामी चुनाव के बाद एक बार फिर से भाजपा उत्तरप्रदेश में अपनी सरकार बनाने में सफल होगी। भाजपा को चन्द्रमा की महादशा चल रही है और चन्द्रमा नीच भंग राजयोग बना रहा है, उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शपथग्रहण अष्टमी तिथि में हुई, जो आधी उजली है, तथा उनकी सरकार का चन्द्रमा नीचभंग राजयोग बना रहा है, भाजपा और मुख्यमंत्री योगी दोनों का चन्द्रमा नीचभंग राजयोग बनाने से यह योग और भी सशक्त हो जाता है। योगी सरकार की कुंडली का नवम भाव का सूर्य बुध शुक्र से त्रिकोण योग से यह योग विशेष शुभ और शक्तिशाली बन जाता है। उत्तर प्रदेश सहित आगे जहां भी चुनाव होंगे, वहां भाजपा बड़ी संख्या में अपने वर्तमान विधायकों के टिकिट काटकर नये स्वच्छ छवि वाले जिताऊ लोगों को टिकिट देगी जिससे योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक बार फिर से उत्तरप्रदेश में सरकार बनाने में सफल होगी। गुजरात में भी बड़े संघर्षों के बावजूद भाजपा अपनी सरकार बना लेगी। भाजपा की कुंडली में छठे भाव का चन्द्रमा और मकर राशि के गोचर के शनि और मंगल के कारण भाजपा को आगे प्रत्येक प्रादेशिक चुनाव में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। परंतु भाजपा की कुंडली में भालव्य योग चन्द्रमा के नीचभंग राजयोग तथा गजकेशरी योग पार्टी को अभी भी और अधिक प्रगति की संभावना दे रहा है। उल्लेखनीय है कि यशभारत में प्रकाशित भविष्यवाणी में व्यास जी ने बंगाल चुनाव के संबंध में कहा था कि अन्ततः ममता फिर से मुख्यमंत्री बनेगी और आसाम में भाजपा की विजय के बावजूद सोवोवाल नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री।

## जम्मू-कश्मीर में भूकंप के तेज झटके

जम्मू-कश्मीर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 4.3 मापी गई है। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान में बताया गया है। तेज झटकों से सहमे लोग घरों से बाहर आ गए। अभी किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। विस्तृत विवरण की प्रतिक्षा है।

## विश्व मीडिया में तारीफ

नई दिल्ली। कल पीएम मोदी के जन्म दिन पर देशभर में कल पूरे दिन में 2.50 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन डोज लगाए गए। इसकी पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। मीडिया समूहों ने भी इस खबर को प्राथमिकता से जगह दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने जहां इसे भारत की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन का गिफ्ट करार दिया, वहीं न्यूयॉर्क टाइम्स ने भारत के टीकाकरण अभियान के पटरी पर लौटने की बात कही।

# ट्रंप कार्यकाल के H-1Bवीजा नियमों में बदलाव को किया रद्द




**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए ट्रंप कार्यकाल के ॥-1क्ष वीजा नियमों में किए गए बदलाव को रद्द कर दिया।अदालत के इस फैसले से भारत समेत कई देशों के छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी।अदालत के इस फैसले से अमेरिका में नौकरी की तलाश कर रहे भारतीय छात्रों को फायदा मिलेगा।इस फैसले से अब फ्रेश ग्रेजुएट्स को नौकरी पाने में आसानी होगी। बता दें कि ट्रंप के कार्यकाल में वीजा नियमों में किए गए बदलाव के तहत छात्रों के चयन प्रक्रिया को लॉटरी ड्रा से बदलकर केवल उच्च-भुगतान वाली नौकरियों के लिए कर दी गई थी। जिसके बाद इसके खिलाफ विरोध शुरू हो गया था और अदालत में इस फैसले को चुनौती दे दी गई थी। इसके अलावा विश्वविद्यालयों ने भी नियम में बदलाव का विरोध किया था। विश्वविद्यालयों ने कहा था कि यदि नया नियम लागू किया जाता है, तो संभवतः विदेशी छात्रों को अमेरिका आने से सीमित कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं नियम परिवर्तन को यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा भी अदालत में चुनौती दे दी गई थी ,जिसके कारण संघीय अदालत ने नियम के कार्यान्वयन पर स्थगन आदेश जारी कर दिया था। याचिकाकर्ताओं ने अदालत में तर्क देते हुए कहा था कि नए नियम आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम का उल्लंघन करते हैं। यह भी तर्क दिया गया कि नियम में बदलाव के परिणामस्वरूप कम छात्र अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आवेदन करेंगे क्योंकि पाठ्यक्रम पूरा करने पर उन्हें नौकरी पाने की संभावना न के बराबर रहेगी।

## नामचीन अभिनेता पर 20 करोड़ की टैक्स चोरी का आरोप, आयकर विभाग ने किया सबूत होने का दावा




**मुंबई।** पिछले तीन दिन से मुंबई के एक नामचीन एक्टर के घर और उनसे जुड़े परिसरों में आयकर विभाग सर्वे कर रहा था। अब अपने एक बयान में सीबीडीटी ने कहा है कि अभिनेता और उनके सहयोगियों के परिसरों की तलाशी के दौरान 20 करोड़ रुपये की कर चोरी से संबंधित साक्ष्य मिले हैं। आयकर विभाग का कहना है कि उनके पास अभिनेता के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। आयकर विभाग के अधिकारियों ने अपने बयान में कहा है कि अभिनेता ने फर्जी संस्थाओं से फर्जी और असुरक्षित ऋण के रूप में बेहिसाब पैसे जमा किए थे। सीबीडीटी ने कहा है कि आयकर विभाग ने मुंबई में अभिनेता के विभिन्न परिसरों के विकास में लगे लखनऊ स्थित औद्योगिक समूह में रेड की और जब्ती अभियान चलाया। सीबीडीटी के मुताबिक अभिनेता के मुंबई, लखनऊ, कानपुर, जयपुर, दिल्ली, गुरुग्राम समेत कुल 28 परिसरों पर छापेमारी की गई थी।

# भाजपा-शिवसेना के साथ आने की अटकलें



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी को अपना पूर्व और भावी मित्र कहा है। इसके बाद भाजपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा है कि शिवसेना को यह एहसास हो चुका है कि वो गलत पक्ष के साथ है। इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों पार्टियों के बीच नजदीकी बढ़ रही है और महाराष्ट्र की राजनीति में फिर कोई बदलाव हो सकता है। हालांकि बाद में शिवसेना ने इसे सिर्फ एक मजाक कहकर टाल दिया। दरअसल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे औरंगाबाद में एक कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां भाजपा नेता रावसाहेब दानवे के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, ÷मेरे पूर्व मित्र और अगर हम फिर से एक साथ आते हैं, तो भविष्य के दोस्त।÷ यहीं से पूरा मामला शुरू हुआ था। उद्धव ने यह बयान देने के बाद अपने भाषण में यह साफ कर दिया कि यह सिर्फ एक मजाक था, हालांकि भाजपा ने इसे गंभीरता से लिया और फडणवीस ने कहा कि उन्हें यह एहसास हो चुका है कि वो गलत पक्ष के साथ हैं। वहीं फडणवीस ने भी कहा कि फिलहाल पार्टी चुनाव के बारे में नहीं सोच रही है और विपक्ष के रूप में राज्य के हित में काम कर रही है। महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना साथ मिलकर पहले भी सरकार चला चुके हैं। हालांकि 2019 में चुनाव नतीजे सामने आने के बाद दोनों पार्टियों में सहमति नहीं बनी और शिवसेना ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बना ली। दरअसल भाजपा और शिवसेना ने यह चुनाव गठबंधन में लड़ा था

## एल मुरुगन राज्यसभा उपचुनाव के लिए एमपी से भाजपा उम्मीदवार



**भोपाल।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन मध्य प्रदेश राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवार बनाया गया है। एल मुरुगन तमिलनाडु से आते हैं और वहां प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भी हैं। अभी वे किसी सदन के सदस्य नहीं हैं, उन्हें 6 माह में संसद सदस्य बनना जरूरी था। इसलिए सुरक्षित सीट चुनी गई। ऐसा कर भाजपा आलाकमान ने मध्य प्रदेश के नेताओं और दावेदारों को फिर चौकाया।



## चार लोगों ने लगाई फांसी, मासूम ने भूख से तोड़ा दम

**बंगलूरू।** कर्नाटक के बंगलूरू से एक भयावह खबर सामने आ रही है। यहां एक मकान में पांच लोगों की लाशें मिलने से सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि लाशें कई दिनों पुरानी थीं। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में एक नौ माह की बच्ची भी है। इसके अलावा एक ढ़ाई महीने की बच्ची घर से जिंदा मिली है, लेकिन उसकी हालत बहुत खराब है। माना जा रहा है कि बच्ची चार से पांच दिनों से भूखी है। ब्यादरहल्ली पुलिस ने बताया कि घर के चार लोगों ने अलग-अलग कमरे में खुद को बंद कर लिया और फांसी लगा ली। सभी के शव फांसी के फंदे से लटके हुए मिले। वहीं नौ माह की बच्ची का शव बेड पर मिला है। माना जा रहा है कि बच्ची की मौत भूख की वजह से हुई हे। फिलहाल पुलिस इस रहस्य को सुलझाने में जुटी हुई है।पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली है। मरने वालों में भारती(51), सिंचना(34), सिंधुरानी(34), मधुसागर(25) व एक मासूम शामिल है। जिंदा मिली बच्ची का नाम प्रेक्षा है।




# दिल दे बैठे आईएएस आइपीएस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 2019 बैच की आईएएस अधिकारी नम्रता जैन ने शुक्रवार को महासमुंद कोर्ट में अपने करीबी मित्र और ट्रेनी IPSअशोक कुमार रखेचा के साथ शादी कर ली। महासमुंद के सरायपाली में इस वक्त नम्रता बतौर SDM पदस्थ हैं, जबकि अशोक IPS ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद में हैं। दोनों अधिकारी साल 2015-16 में एक दूसरे को पढ़ाई के दौरान ही दिल दे बैठे थे। दोनों PSCकी तैयारी करने के लिए दिल्ली गए थे। उसी दौरान दोनों के बीच पहले दोस्ती हुई और फिर दोस्ती को रिश्ते में बदलने पर सहमति बनी। नम्रता ने 2019 में 12वीं रैंक हासिल करके IAS बनीं। उधर, इंडियन पुलिस सर्विस के लिए अशोक रखेचा का भी चयन हो गया। फिलहाल वह हैदराबाद स्थित ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे हैं। दोनों की शादी 2020 में मई के महीने में हो जाती, लेकिन कोविड काल के संकट की वजह से शादी रोकनी पड़ी।

## हेड कोच बन सकते हैं अनिल कुंबले


**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में खेले जाने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल सामाप्त हो जाएगा। इसके बाद बीसीसीआई को नए कोच की तलाश है। ऐसा कहा जा रहा कि टीम इंडिया के पूर्व कोच रहे अनिल कुंबले की एक बार फिर वापसी हो सकती है। खबरों के मुताबिक कुंबले ने मुख्य कोच बनने के लिए सहमति प्रकट की है।

# 150 रुपये में बनाते थे आधार और वोटर आइडी




**इंदौर।** बाणगंगा थाना पुलिस ने भारत निर्वाचन आयोग,कलेक्टर कार्यालय,नगर निगम के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपित ऑन लाइन की आड़ में फर्जी दस्तावेज बना रहे थे। आरोपित अजय हीरे और प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के तार पश्चिम बंगाल के गिरोह से जुड़े हुए है। पुलिस ने भारी मात्रा में वोटर आइडी,आधार कार्ड,मार्क शीट और आयुष्मान योजना के दस्तावेज बरामद किए है। एएसपी(पूर्वी) शशिकांत कनकने के मुताबिक मनियाखेड़ी टिमरनी जिला हरदा निवासी राम पुत्र नन्नोलाल सांखला की शिकायत पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। राम के मुताबिक खबर मिली थी कि शांतिनगर स्थित प्रियांसी ऑन लाइन का संचालक प्रदीप सौ-डेढ़ सौ रुपये लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर देता है। गुरुवार शाम राम ने स्टिंग ऑपरेशन किया और पायल पति सुनील सिसोदिया का मतदाता पत्र दिया और कहा कि इस पर दूसरी महिला का फोटो प्रिंट करना है।आरोपित ने डेढ़ सौ रुपये लेकर पायल के स्थान पर दूसरी महिला का फोटो लगा मतदाता पत्र बना दिया। राम थाने पहुंचा और फर्जीवाड़ा की पोल खोल दी।


दशरथ पटेल, चंडिका नगर।


विभोर गुप्ता, शिव नगर।



बाल गणेशोत्सव समिति, संतनगर।


मनन चक्रवर्ती, नई बस्ती।


शास्त्री कॉलोनी में स्थापित गणेश प्रतिमा।


झर्रा टिकुरिया, भारत चौक।


प्रिंस रजक, शास्त्री कॉलोनी।


पत्रकार आशुतोष शुक्ला के मंदिर में।


सुमित सेन, गांधी स्कूल के पीछे।

# महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन मेरी सहेली





## अभियान के तहत 10 हजार से अधिक महिला यात्रियों की मदद

**कटनी।** भारतीय रेलवे में महिला सुरक्षा के लिये ऑपरेशन मेरी सहेली पहल के तहत शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करना है। ऑपरेशन मेरी सहेली की पहल रेलवे सुरक्षा बल ने 15 अक्टूबर को शुरूआत की थी। ऑपरेशन मेरी सहेली का उद्देश्य ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को प्रस्थान स्टेशन से गंतव्य स्टेशन तक सुरक्षा प्रदान करना है। इसके प्रबंधन की जिम्मेदारी महिला आरपीएफको दी गई है। मेरी सहेली पहल के तहत सभी बड़े स्टेशनों से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों में ज्यादा से ज्यादा महिला यात्री को अटेंड कर यात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली जाती है। एक रेल मदद हेल्पलाईन नंबर 139 भी जारी किया गया है, जिसका उपयोग कोई भी महिला यात्री अपनी यात्रा के दौरान किसी भी समस्या या असुविधा का सामना करने के लिए शिकायत दर्ज करने के लिए कर सकती है। इस अभियान के तहत आरपीएफमें तैनात महिला बल अधिकारियों व बल कर्मियों की पोस्ट स्तर पर एक-एक टीम आवंटित बनायी गई है। महिला बल अधिकारियों व बल कर्मियों द्वारा प्रत्येक महिला यात्री, विशेष रूप से अकेले यात्रा करने वालों के साथ बातचीत कर उनके सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। महिला यात्रियों को प्रस्थान स्टेशन पर महिला आरपीएफ कर्मियों द्वारा यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सभी सावधानियों के बारे में बताया जा रहा है। प्रत्येक महिला यात्री की श्रेणी और कोच संख्या को प्रस्थान से गंतव्य तक आने वाले स्टेशनों के महिला बल अधिकारियों को सूचित किया जा रहा है।



## गर्ग चौराहा में अनूठी पहल, गणेश जी के साथ गौ माता की स्थापना

**कटनी।** गर्ग चौराहे में गौ माता के साथ गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई है। हिंदू धर्म के अनुसार माना जाता है हिक गौ माता में सभी देवी देवताओं का वास होता है। देवी देवता भी गौ माता को हर रूप में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। गौ माता के गुणों का व्याख्यान कर पाना बहुत ही कठिन है वैज्ञानिक रूप से भी माना गया है और प्रमाणित भी है। गौ माता संपूर्ण रूप से उपयोगी है चाहे गौ माता का गोबर, गौ मूत्र, दूध, दही, घी औषधीय रूप में या पूजनीय रूप में उपयोगी माना गया है, इन्हीं सब को ध्यान में रखते हुए गौ भक्त विवेक पाठक, गोविन्द सरकार चिंटू गौ भक्त पंडित दिलीप परोहा, गौ सेविका अमिता श्रीवास, कमल यादव गणेश उत्सव समिति की ओर से लोगों को गौ माता को भगवान का रूप मानते हुए गणेश जी के साथ सभी देवी देवताओं के रूप मे रखा गया साथ ही सभी गौ भक्तों के द्वारा यह संदेश दिया गया कि गौ माता को बचाना है और उनकी रक्षा का संकल्प निभाना है।

## 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जाएगा मद्य निषेध सप्ताह

### नशामुक्त भारत अभियान पर केन्द्रित होंगे कार्यक्रम

**कटनी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह मनाया जायेगा। आयुक्त सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण द्वारा 'नशामुक्त भारत अभियान' पर केन्द्रित और कोविड-19 को मद्देनजर रखते हुए सभी कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी और विभागीय अधिकारियों को आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। सप्ताह के दौरान नशामुक्ति पर वर्चुअल व्याख्यान, वेबिनार, जन-जागृति रैली और नुक्कड़ नाटक कराये जायेंगे। स्थानीय विद्यालयों में नशामुक्ति विषयक प्रतियोगिताएँ और प्रश्न-मंच का आयोजन होगा। ग्राम सभाओं में नशामुक्त ग्राम बनाने संबंधी प्रस्ताव पारित कराये जाकर उनका पालन कराया जायेगा। ग्राम एवं नगर स्तर पर स्थानीय व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से नशामुक्ति संदेश और लघु फिल्में प्रसारित की जायेंगी। शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में नशामुक्ति अभियान के लिये स्थानीय स्वयंसेवक तैयार किये जायेंगे। स्व-सहायता समूह, शौर्य दल द्वारा भी स्थानीय स्तर पर अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से आगाह किया जायेगा। नशा पीड़ितों के उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेंगे। नशामुक्ति पर आधारित पोस्टर-प्रदर्शनी लगाने के साथ नशाबंदी साहित्य, पोस्टर, पेम्फ्लेट आदि का वितरण भी किया जायेगा। सभी जिले मद्य निषेध सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का प्रतिवेदन सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग को भेजेंगे।

## आंगनबाड़ी में पोषण पंचायत का होगा आयोजन

कटनी। महिला बाल विकास द्वारा पोषण माह में प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण पंचायत का आयोजन किया जायेगा। पोषण माह को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक स्तर पर जन-समुदाय की अधिकतम भागीदारी हो तथा उन्हें पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाये। इसके दृष्टिगत पोषण माह के दौरान पोषण पंचायत का आयोजन प्रत्येक केन्द्र पर किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिला स्तर से कलेण्डर तैयार कर कलेक्टर के मार्गदर्शन में सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किये गये है। संचालक डॉ. भोसले ने बताया कि 'पोषण पंचायत' का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर पोषण के 5 मंत्र, जीवन के प्रथम 1000 स्वर्णिम दिवस में पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं का महत्व, पौष्टिकता युक्त भोजन का सेवन एवं सेहत, बच्चों-किशोरियों-गर्भवती और धात्री महिलाओं का एनीमिया से बचाव के लिए खाद्य विविधता एंव आयरन की दवाओं के सेवन के लिए प्रोत्साहित करना, दस्त प्रबंधन-जिंक, ओ.आर.एस के घोल का उपयोग और व्यक्तिगत स्वच्छता, सफाई एवं स्वच्छता का व्यवहार से रू-ब-रू कराना है।

## निरीक्षण के दौरान स्कूल में नहीं मिले 13 लोकसेवक

### डीईओ ने जारी किया कारण बताओ नोटिस, एक दिन के लिये किया अवैतनिक

**कटनी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा विभाग के ही 13 लोकसेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी संबंधितों को निरीक्षण के दौरान उनके कार्यरत संस्थान से अनुपस्थित पाये जाने पर यह नोटिस जारी किया गया है। गत दिवस गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय हाई स्कूल रैपुरा, शासकीय उ.मा. विद्यालय पिपरिया परौहा एवं शासकीय उ.मा.विद्यालय घुघरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित बिना किसी सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित पाये गये। यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत कदाचरण एवं गंभीर लापरवाही का द्योतक है। इस सभी संबंधित 13 लोक सेवकों को कारण बताओ नोटिस जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया। जारी नोटिस में कहा गया है कि आपको उपस्थिति पंजी के आधार पर उक्त दिवस को अनाधिकृत अनुपस्थित मानते हुये अवैतनिक किया जाता है। आप अपना स्पष्टीकरण तीन दिवस में इस कार्यालय में समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। स्पष्टीकरण संतोषजनक एवं अप्राप्त की स्थिति में आपके विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण तथा अपील नियम 1965 में वर्णित प्रावधान अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिन लोक सेवकों को जिला शिक्षा अधिकारी ने शोकॉज जारी किया है, उनमें शासकीय हाई स्कूल के शिक्षक योगेश तिवारी, माधुरी कोरी, निर्मला हल्दाकार, प्रयोगशाला शिक्षक सरजू बेन, शासकीय उ.मा. विद्यालय पिपरिया परौहा में पदस्थ शिक्षक रामेत्री पाण्डेय, कंछेदी लाल चक्रवर्ती, शासकीय उ.मा. वि. घुघरा के शिक्षक शैलेन्द्र दुबे, प्रदुम्न कुमार श्रीवास्तव, राहुल कुमार जैन, अध्यापक विजय कुमार बोहरा, लेखापाल राजेन्द्र प्रसाद कारपेंटर, सहायक ग्रेड-3 रामदयाल बर्मन और प्रयोगशाला शिक्षक वरुण नायक शामिल हैं।



## वेक्सीनेशन महा अभियान
## वृहद स्तर पर टीकाकरण

**कटनी।** सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी 17 सितम्बर को वेक्सीनेशन महा-अभियान के तृतीय चरण के तहत वृहद् स्तर पर कोविड-19 टीकाकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों पर पात्र नागरिकों का कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। शुक्रवार को इस अभियान के सुचारु संचालन के लिये जिला एवं ग्रामीण स्तर पर संचालित टीकाकरण केन्द्रों का विजिट अधिकारियों ने किया। इसी क्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के साथ शहरी क्षेत्र में बनाये गये वेक्सीनेशन सेन्टर्स का विजिट किया। इस दौरान उन्होने टीकाकरण केन्द्रों में पहुंचकर वहां की जा रही टीकाकरण की गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होने टीकाकरण कार्य में संलग्न स्टाफसे टीकाकरण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही नागरिकों से टीकाकरण केन्द्रों पर उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर जानकारी प्राप्त की और उन्हें वेक्सीनेशन के प्रति प्रेरित भी किया। इसके साथ ही केन्द्रों पर सुचारु एवं लक्ष्यानुसार शत्-प्रतिशत वेक्सीनेशन सुनिश्चित कराने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। वहीं सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने वेक्सीनेशन महा-अभियान 3.0 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किये जा रहे टीकाकरण कार्य की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अनुविभाग के एसडीएम ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया। टीकाकरण केन्द्रों के नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी भी अपने-अपने निर्धारित टीकाकरण क्षेत्रों के भ्रमण पर रहे। इस दौरान टीकाकरण केन्द्रों में वेक्सीनेशन की प्रगति, नागरिकों को टीकाकरण के लिये प्रेरित करने सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक कार्यवाही भी संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई।

## केन्द्रीय मंत्री से मिले वनवासी विकास परिषद के पदाधिकारी



**कटनी।** केन्द्रीय इस्पात तथा ग्रामीण विकास मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के कटनी आगमन पर वनवासी विकास परिषद ने मुलाकात की ओर संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्हें जानकारी दी गई कि संगठन द्वारा लगातार बड़वारा होम्योपैथिक प्रशिक्षण शिविर पर महिला तथा पुरूषों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया और दवाईयां वितरित की गई।द्ध जिस पर श्री कुलस्ते ने प्रशंसा की। इस दौरान जिला सम्पर्क प्रमुख केशव कमल मोहनानी, आध्यात्मिक लेखक सुरेश मोहन अकेला द्वारा लिखि पुस्तक अकेला पथ भेंट की गई। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री कमल सिंह धुर्वे, जिला उपाध्यक्ष संजय आनंद, जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक निर्भय सिंह बरकड़े, जिला सम्पर्क प्रमुख केशव कमल मोहनानी, कौशल गुप्ता, श्रीकांत पोद्दार, देवांश आनंद उपस्थित रहे।




## अमृत महोत्सव पर विधायक ने किया पौधारोपण

**कटनी।** स्वतंत्रता की 75वीं वर्षागंठ के अवसर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पौधारोपण किया गया। कटनी वन मण्डल के बहोरीबंद परिक्षेत्र कैम्पस में क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया। इस दौरान जिला वन मण्डला अधिकारी आर.सी. विश्वकर्मा सहित वन विभाग के संबंधित अधिकारी व स्थानीय नागरिकगण भी मौजूद रहे।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 18 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# मिलकर लें संकल्प, कोई बच्चा न रहे कुपोषित

### राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत द्वारका भवन में कार्यशाला का आयोजन, सांसद ने कुपोषित बच्चों को भेंट की पोषण आहार किट





**कटनी।** कुपोषण को लेकर काम करना बड़ा चैलेंज का काम है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। हम संकल्प लेते हैं कि संसदीय क्षेत्र व जिले में कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहेगा। इसी संकल्प को लेकर आगे बढ़ेंगे और कुपोषण को पूरी तरह से समाप्त कर करेंगे। द्वारका भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पोषण कार्यशाला के दौरान यह बात सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने प्रदेश की सरकार काम कर रही है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पूर्व व प्रसव के बाद में उनके खातों में राशि दी जा रही है ताकि वे पोषण आहार ले सकें और बच्चे भी स्वस्थ्य जन्म लें। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि कुपोषण मुक्त जिला बनाने के लिए सभी के साथ मिलकर प्रयास करेंगे। विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि कुपोषित बच्चों को सामान्य की श्रेणी में लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम हो रहा है। जिला पिछले दो साल से प्रदेश में अव्वल रहा है और इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार इसके लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को स्वेच्छानुदान मद से 500-500 रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय ने भी उपस्थित जनों को संबोधित किया और उन्होंने भी अपनी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक कुपोषित बच्चे को स्वेच्छानुदान मद से 500-500 रूपये देने की बात कही। कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2017 में संकल्प लिया गया था कि वर्ष 2022 तक जिले को कुपोषण मुक्त बनाया जाएगा और उसी दिशा में का किया जा रहा है। 15 अगस्त से 31 अगस्त तक एक लाख मुनगा व फलदार पौधे कुपोषित बच्चों, लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों के घरों या आसपास की भूमि में रोपने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें बिना कोई राशि खर्च किए लक्ष्य को पूरा किया गया है।

सांसद ने कुपोषित बच्चों को विभाग की ओर से पोष्टिक आहार की किट का वितरण किया। साथ ही पोषण को लेकर तैयार किए गए मोरवीटा प्रॉडक्ट को लॉन्च कर हितग्राहियों को वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग में कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए बेहतर काम करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र भेंटकर सांसद श्री शर्मा ने सम्मानित किया।

## पोषण माह में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान



राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सांसद विष्णु दत्त शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे विधायक संदीप जयसवाल, प्रणव पांडे, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, प्रधान डाकघर अधिकारी नारायण सिंह द्वारा मध्यप्रदेश में सुकन्या समृद्धि योजना के सर्वाधिक खाते जिले में खोले, जिसमे सर्वाधिक खाते आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रूपा बर्मन द्वारा खोले गए थे। यह सम्मान हेतु विभाग से कार्यकर्ता के छाया प्रति के साथ डाक टिकट जारी की गई साथ ही भारतीय डाक विभाग की स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।





# हिन्दी के महत्व पर छात्रों ने लिखा निबंध

### नेहरु युवा केंद्र द्वारा हिन्दी दिवस पर आयोजन

**कटनी।** नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में 14 सितम्बर से 28 सितम्बर तक हिन्दी दिवस, पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दो सप्ताह में वर्चुअल कार्यशाला, गोष्ठी, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, नारा लेखन, कविता लेखन, एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता द्वारा युवाओं के बीच हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह आयोजन सभी 6 विकासखंडों रीठी, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, बड़वारा, कटनी एवं विजयराघवगढ़ में हिंदी भाषा के विद्वान प्राचार्यों की मदद से किए जाएंगे। इसी तारतम्य में हिंदी दिवस, पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा चित्रकला के माध्यम से हिंदी दिवस की महत्ता को दर्शाया गया। साथ ही शासकीय तिलक महाविद्यालय में हिन्दी दिवस, पखवाड़ा का शुभारम्भ निबंध लेखन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी गर्ग हिन्दी प्राध्यापक, डॉ. चित्रा प्रभात प्रोफेसर, डॉ. रुकमनी प्रताप सिंह जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना, दिवाकर एन.सी.सी. ऑफिसर ने विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पूर्व कटनी विकासखंड की राष्ट्रीय सेवा कर्मी साक्षी सोनिया ने हिन्दी राज्यभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए किये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। गोष्टी में डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ. रुकमनी प्रताप सिंह एवं दिवाकर जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कार्यालीन एवं दैनिक कार्यों में हिन्दी का महत्व शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे अभिनन्दन कुशवाहा प्रथम, अभिजीत पाण्डेय द्वितीय एवं सृजन सोनी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विधिक सहायता के प्रचार-प्रसार में पोस्ट ऑफिस निभाएगा अहम भूमिका

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार दिनेश कुमार नोटिया, जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में प्रधान पोस्ट मास्टर कटनी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सर्वविदित है कि वर्षो से पोस्ट ऑफिस पूर्ण दायित्व के साथ संचार का सर्वाधिक प्रचलित साधन रहा है, इसलिये उसकी पहुंच प्रत्येक व्यक्ति तक है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये 15 सितम्बर को जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार नोटिया द्वारा बैठक में उपस्थित प्रधान पोस्ट मास्टर नारायण सिंह ठाकुर को जिले के समस्त पोस्ट ऑफिस में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन बैठक आयोजित कर नालसा द्वारा संचालित योजनओं की जानकारी प्रदाय किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। साथ ही कटनी जिले में करीब 900 से अधिक पोस्ट ऑफिस कार्यरत होने की जानकारी दिये जाने पर उन्हें यह भी निर्देशित किया गया कि वह राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनओं के संबंध में कार्यरत समस्त अधिकारी और कर्मचारियों के मोबाइल पर नि:शुल्क विधिक सेवा से संबंधित ऐप्लीकेशन को इंस्टाल कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया, जिससे कि अधिक से अधिक लोगों तक नि:शुल्क विधिक सहायता पहुंचायी जा सके।

## एएमओ एवं एमआई सेवा संघ में नियुक्तियां

कटनी। एएमओ एवं एमआई सेवा संघ मध्य प्रदेश की बैठक रविवार को संभाग जबलपुर में सामुदा यिक भवन गोकुलपुर रांझी में जिला जबलपुर बालाघाट सिवनी मंडला डिंडोरी नरसिहपुर छिंदवाड़ा से आये हुये असिस्टेंट मलेरिया अधिकारी एवं मलेरिया इस्पेक्टर की उपास्थि में संभागीय कार्यकारिणी का गठन श्री नानूराम मिमरोट मलेरिया निरीक्षक उज्जैन की अध्यक्षता में किया गया । संभाग के अध्यक्ष पी के महार मलेरिया इस्पेक्टर कटनी को सर्व सम्मति से बनाया गया उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला मर्सकोले एम आई सिवनी सह उपाध्यक्ष श्रीमती एच चिचखेडे बालाघाट श्रीमती रामबाई सचिव उमेश मर्सकोले सिवनी सह सचिव श्रीमती एस परते सिवनी श्रीमती रुक्मणी टेकाम सिवनी श्रीमती एस गजबी, जिला सिवनी कोषाध्यक्ष अशोक कोल नरसिहपुर सह सचिव एस एल उईके, लामता डी एस नागेश मंडला श्रीगुलाबसिग जबलपुर आरके रामटेक मंडला मिडीया प्रभारी बलराम कोल मंडला मनोनीत किए गए।

# कृमि मुक्त होंगे बच्चे-किशोर, घर-घर जाकर खिलाई जा रही दवा

### स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, अन्य विभागों का अमला कर रहा सहयोग



कटनी। कृमि संक्रमण से बचाव को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जिले में 11 दिवसीय कृमि मुक्त दिवस अभियान चलाकर बच्चों, किशोरों को एलबेंडाजोल का सेवन कराया जा रहा है। बच्चों में कृमि संक्रमण, व्यक्तिगत अस्वच्छता व संक्रमित मिट्टी के संपर्क से होता है। कृमि संक्रमण से बच्चों का शारीरिक व बौद्धिक विकास बाधित होता है। दूसरी ओर उनके पोषण के स्तर पर दुष्प्रभाव पड़ता है। इसके चलते 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर किशोरियों का कृमिनाशन करने की विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसा की गई है और उसको लेकर 13 सितंबर से जिले में घर-घर जाकर 1 वर्ष बच्चों से लेकर 19 वर्ष तक के किशोर-किशोरियों को एलबेंडाजोल दवा का सेवन कराने में अमला लगा है। स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण व पंचायत राज्य एवं ग्रामीण विकास विभाग का सहयोग अभियान में लिया गया है। अभियान में जो स्कूल संचालित हो रहे हैं, उनमें आने वाले बच्चों को दवा का सेवन अमला पहुंचकर करा रहा है ताकि मिट्टी जनित कृमि रोग से बचाव हो सके। एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी का पूरे अभियान में सहयोग लेकर दवा का सेवन कराने का कार्य स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। जिले में 5 लाख 11 हजार 128 बच्चों व किशोरों को दवा का सेवन कराने का लक्ष्य तय किया गया है और अभियान 19 सितंबर तक चलेगा। कृमि मुक्त अभियान को लेकर जिले भर में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला घर-घर दस्तक देकर दवा का सेवन करा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने काम में लगे अमले को दवा का सेवन कराने के साथ ही कोरोना से बचाव को लेकर 17 सितंबर को आयोजित होने वाले वैक्सीनेशन महा अभियान की भी जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। जिसके चलते कृमि नाशक दवा का सेवन कराने के साथ ही काम में लगे कर्मचारी लोगों के घरों में जाकर कोरोना से बचाव के लिए महा अभियान में वैक्सीन लगवाने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति व स्वच्छाग्राही होंगे सम्मानित

**कटनी।**

प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन कर स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया जाना है। इसके तहत जारी निर्देशानुसार उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति, स्वच्छाग्राही आदि को स्वच्छता सम्मान भी दिया जायेगा। यह सम्मान पुरुस्कार 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर संबंधितों को दिया जायेगा। आईईसी गतिविधियों का मानक क्रियान्वयन के संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार मानदेय भी स्वच्छाग्राही को देय होगा। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने जिले के समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं।

# डेंगू का डंक रोकने जन अभियान



**कटनी।** डेंगू बीमारी पर अंकुश लगाने बुधवार से प्रदेश भर में डेंगू पर प्रहार जन अभियान की शुरूआत की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोगों को डेंगू से बचाव को लेकर जागरूक करने चलाए जा रहे अभियान का शुभारंभ किया। जिले में भी डेंगू का प्रकोप न हो, इसके लिए जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डेंगू पर प्रहार अभियान के तहत जिले में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मलेरिया विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जहां लार्वा का सर्वे कर लोगों को बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया गया तो वहीं आमजन ने भी अभियान से जुड़कर अपने घरों में जमा पानी जहां पर लार्वा जन्म ले सकते हैं, उसको खाली करने सफाई की। जिला मलेरिया विभाग ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे स्थानों का दौरा किया, जहां पूर्व में डेंगू के मरीज पाए गए थे। ऐसे स्थानों पर अधिकारी, कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लार्वा सर्वे किया। लोगों के घरों में कूलर, पानी की टंकी, गमलों, पुराने टायर या अन्य स्थानों पर जहां पानी जमा था, उसे हटवाने का कार्य किया तो लोगों को डेंगू से बचाव के लिए दोबारा घरों या आसपास पानी जमा न होने की सलाह भी दी। साथ ही पूरे कपड़े पहनने और रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अनिवार्य रूप से करने की भी सलाह लोगों को दी गई। डेंगू बीमारी से बचाव को लेकर शहर के नागरिक भी जागरूक हो रहे हैं। लोगों ने प्रदेश स्तर से प्रारंभ हुए डेंगू पर प्रहार जनअभियान को लेकर अपने घरों व आसपास जमा पानी को हटाने का कार्य किया। आदर्श कॉलोनी क्षेत्र निवासी नीरा सेठिया व शीतल असाटी ने घरों में रखे गमलों व छत आदि में रूके पानी को जहां अलग किया तो वहीं अपने आसपास के लोगों को भी डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया कि वे भी अपने घरों आदि में पानी न रूकने दें ताकि लार्वा न पनप सकें।

# पूर्वा फॉल और मुकुंदपुर सफारी की सैर



### यूथ हॉस्टल्स का व्हाईट टाईगर सफारी अभियान, 110 प्रतिभागी हुए सम्मिलित

कटनी। प्रकृति का सानिध्य हमेशा शांति और खुशहाली प्रदान करता है। यह उद्गार यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पंचम जैन ने इकाई द्वारा आयोजित पूर्वा फॉल एवं मुकुन्दपुर सफारी के सफल अभियान के कहे। इस अवसर पर यूथ हॉस्टल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इकाई चेयरमैन द्वारा उपस्थित सभी 110 प्रतिभागियों को यूथ हॉस्टल की कार्यप्रणाली एवं अभियान में अनुशासन के बारे में बताया। अभियान प्रभारी श्री प्रकाश जायसवाल द्वारा सभी को पूरे अभियान की रूपरेखा समझाई गई। वही सह प्रभारी सुशील कुशवाहा द्वारा सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया गया। कटनी से दल 2 स्पेशल बसों से सुबह 7 बजे अपने गंतव्य ढोंस नदी पर स्थित पूर्वा फॉल के लिए रवाना हो गया एवं करीब 11 बजे वहां पहुंच गया। बारिश के बाद प्रकृति ने हरियाली की चादर ओढ़ रखी थी, ऐसे में 200 फुट ऊपर से गिर रहे झरने की कलकल ध्वनि सबको वाह-वाह करने को मजबूर कर रही थी। बादलों के बीच की धूप कुछ अतिरिक्त गर्मी का एहसास करा रही थी वही चट्टानों से टकराकर गिर रही पानी की छोटी-छोटी बूंदे मन को शांत कर रही थी। दल ने पूर्वा फॉल में 2 घंटे समय बिताया तत्पश्चात् अपने प्रमुख आकर्षण रीवा के पास स्थित मुकुन्दपुर व्हाईट टाईगर सफारी के लिए अपनी यात्रा प्रारंभ कर दी। दोपहर 2 बजे यहां पहुंच कर सभी ने दोपहर का भोजन ग्रहण किया, इसके बाद सभी ने प्रकृति की अनमोल कृति सफेद शेर को देखने के लिए सफारी में प्रवेश कर लिए। इकाई द्वारा अपने सभी सदस्यों को सफारी में पैदल भ्रमण के निर्देश दिये थे ताकि वे वहां पर उपस्थित सभी जानवरों को करीब से देख सकें एवं प्रकृति के सानिध्य का वास्तविक आनंद उठा सके। सिर्फ कुछ वरिष्ठ महिलाओं एवं बुजुर्गों को गाड़ी में जाने की इजाजत थी। सफारी की विशेष वैन से सभी को सफेद शेर दिखाया गया जिसे देखकर सभी बहुत खुश थे। कार्यक्रम के समापन पर इसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को एक समारोह में प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। ट्रेंकिंग दिवस पर शिक्षक दिवस भी था, दल के साथ कटनी इकाई के 2 पूर्व अध्यक्ष शिक्षक के. एल. कनकने, डॉ. हेमलता गर्ग एवं श्रीमती अर्चना पाण्डे भी यात्रा कर रही थी। अत: इस अवसर पर इकाई अध्यक्ष पंचम जैन, चेयरमैन गोपाल शर्मा द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया एवं इनके दीर्घायु होने की कामना की। बहुत ही सुखद एहसासों के बीच दल रात्रि 9.30 बजे वापस कटनी आ गया। इस दौरान सभी ने 384 किलोमीटर यात्रा की। अभियान को सफल बनाने में श्रीराम कुदरहा, अमित सिंघई, सतीश बजाज, राजेश साहू, संजय खण्डेलवाल, रानू जैन, अंकित जैन, सचिन सिंघई, श्रीमती मीना शर्मा, श्रीमती नीरा गोयनका, श्रीमती मंजू स्वामी का सराहनीय योगदान रहा। अभियान प्रमुख श्रीप्रकाश जायसवाल एवं सहप्रभारी सुशील कुशवाहा द्वारा सभी को सफल अभियान की बधाई दी गई।

# प्रशिक्षण के बाद छात्रों को मिले दक्षता प्रमाण पत्र

**कटनी।**

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत आज़ाद चौक कटनी स्थित केआईटीएम स्किल्स सेंटर में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया ! संस्था संचालक मौसम विश्वकर्मा ने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत 44 विद्यार्थियों को फील्ड सर्वे एन्युमेरेटर का प्रशिक्षण दिया गया थाए प्रशिक्षण लेने के बाद छात्रों को बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंगे सभी छात्र स्वरोजगार एवं रोजगार कि और बढ़कर आत्म निर्भर बनेंगे। संस्था संचालक द्वारा बताया गया कि पिछले कई वर्षो से हमारी संस्था कौशल विकास के क्षेत्र में काम करते हुए एक हजार से ज्यादा छात्रों को प्रशिक्षित कर चुकी है और उन्हें जॉब प्रदान कि जा चुकी हैए और आने वाले समय में भी संस्था द्वारा इस तरह के निशुल्क कौशल विकास योजना प्रोग्राम चलाकर छात्रों को आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। कार्यक्रम समापन के इस अवसर पर छात्रों को प्रमाण पत्र के अलावा निशुल्क टी. शर्टए कैप आदि सामग्री भी दी गयी ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक विश्वकर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत कटनी थे, इसके अलावा सभी प्रशिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जांच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बुलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# बीमारी से बचाव स्वच्छता से ही संभव



**कटनी।** कोरोना महामारी से लड़ने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार वैक्सीनेशन कार्य करा रही है। हमने संकल्प लिया है कि 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक अभियान चलाकर और सभी का सहयोग लेकर 71 लाख लोगों को कोरोना से बचाव के लिए केन्द्रो में ले जाकर वैक्सीन लगवाएंगे। लोगों में महामारी से लड़ने के लिए जागरूकता आई है और जिले को एक दिन के अभियान के लिए 55 हजार लोगों को वैक्सीनेशन कराने का लक्ष्य दिया गया था, इस लक्ष्य के विरुद्ध जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में वेक्सीनेशन का कार्य सतत् रुप से जारी है। यह बात सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने पुरानी कचहरी स्थित वैक्सीनेशन सेंटर के निरीक्षण के दौरान कही। सांसद ने डेंगू को लेकर कहा कि बीमारी से बचाव स्वच्छता से ही संभव है और सरकार बहुत पहले से ही स्वच्छता का अभियान पूरे देश में चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री हर मामले में संवेदनशील हैं और डेंगू से बचाव के लिए हर संभव कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जिले में बीमारी से निपटने को लेकर कलेक्टर व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा हुई है, हम लगातार प्रयास करेंगे कि बीमारी से जिले में कोई नुकसान न हो। इससे पहले सांसद श्री शर्मा पुरानी कचहरी स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे और निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने वैक्सीनेशन कराने आए लोगों से संवाद स्थापित किया। उन्होने नागरिकों से कहा कि आप सभी की जागरूकता से ही हम जल्द कोरोना से पूरी तरह जंग जीत लेंगे। श्री शर्मा ने लोगों से अपील करते हुये कहा कि जिन्होंने वेक्सीन का प्रथम डोज लगवाया है, वे निर्धारित समय पर वेक्सीन का दूसरा डोज अवश्य लें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें कि वे वैक्सीन के दोनों डोज लेकर अपने परिवार जिले और प्रदेश को कोरोना मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें। टीकाकरण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सांसद श्री शर्मा ने वैक्सीनेशन कार्य में लगे स्टॉफ का भी उत्साहवर्द्धन किया।

## पुरानी कचहरी वैक्सीनेशन केन्द्र का सांसद ने किया निरीक्षण, लोगों से किया संवाद

इस दौरान विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय, जिला पंचायत प्रधान ममता पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी व नागरिक मौजूद रहे।

## जिले में अब तक कुल 669.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 17 सितम्बर 2021 तक 669.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 780.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 167 सितम्बर 2021 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 561.8 मिलीमीटर, रीठी में 605.0 मिमी, बड़वारा में 849.0 मिमी, बरही में 789.0 मिमी, विवगढ़ में 818.9 मिमी, बहोरीबंद में 573.0 मिमी, स्लीमनाबाद में 469.0 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 718.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले मे कुल 5.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिसमें कटनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत 1.0 मिमी, रीठी तहसील क्षेत्र अंतर्गत 3.2 मिमी, बड़वारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत 3.0 मिमी, बरही तहसील क्षेत्र में 11.0 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र में 5.0 मिमी, बहोरीबंद में 6.6 मिमी, स्लीमनाबाद में 7.0 मिमी, ढीमरखेड़ा में 10.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।



# अधिकारियों, कर्मचारियों व शिक्षकों के साथ नेताओ ने रोपे पौधे

## बरही स्कूल प्रांगण, आईटीआई व फिल्टर प्लांट में पौधारोपण

**कटनी/बरही।** बरही नगर में नगर परिषद बरही द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वे जन्म दिन के अवसर पर 71 पौधे रोपित किए गए। बरही के शासकीय बालक माध्यमिक शाला प्रांगण सहित वाटर ि?ल्टर प्लांट एवं आईटीआई प्रांगण में पौधरोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सीएमओ मनोहर बिंजवारए कार्यक्रम अधिकारी तीरथ चतुर्वेदी रिंक, इंजीनियर देवेंद्र सोनी, रमेश तोमर, मनोज कोरी, अजय तिवारी, शाला प्रधानाध्यपिका राधा सोनी, शिक्षक शिवराम शर्मा, राजकुमार तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष केशव यादव, महामंत्री परी डी ताम्रकार, रामकृष्ण पटेल, रजनीश नामदेव, रघुनाथ गुप्ता, अमरजीत ताम्रकार, अजय वर्मा, संदीप स्वर्णकार, अंकित शुक्ला, रजनीश मिश्राए सहित नगर के जागरूक लोगो ने सहभागिता निभाई। इस अवसर बरही के नवागत सीएमओ मनोहर बिंजवार ने कहा कि लगाए गए सभी छायादार फलदार पौधों को तैयार करने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा।



# अखाड़े में पहलवानों ने ठोंकी ताल

## बरही के छिन्दीयाटोला में दंगल का आयोजन

**बरही।** नगर के छिन्दीया टोला में बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा आयोजित इनामी दंगल प्रतियोगिता में जिले भर से आए पहलवानों ने करतब दिखाते हुए ताल ठोकी और अखाड़े में उतरकर दांव-पेंच का जौहर दिखाया। यह आयोजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वे जन्म दिन के अवसर पर पूर्व पार्षद सरमन सोनी के संयोजन में बजरंग अखाडा समिति द्वारा आयोजित किया गया था। दंगल देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। विश्वकर्मा जंयती के अवसर पर सम्पन्न हुई इस दंगल प्रतियोगिता में सहभागिता निभाने वाले पहलवानों को पुरस्कारए शील्ड भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के सरमन सोनी ने बताया कि पिछले 20 साल से यह परंपरा चली आ रही है, जो हर वर्ष हरितालिका तीज के अवसर पर आयोजित होती थी। इस बार संशोधन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दंगल आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि लालजी मिश्रा, पीयूष अग्रवाल, रामकृष्ण पटेल, इकवाल पवार, मंडल अध्यक्ष केशव यादव, पीडी ताम्रकार, कैलाश कचेर सहित बड़ी संख्या में उपस्थित नगरवासियों ने पहलवानों का उत्साह बढ़ाया।



# पकोड़ा तलकर युवा कांग्रेस ने मनाया बेरोजगार दिवस

## युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी में स्टेशन चौराहे में स्टाल लगाकर अनूठा प्रदर्शन



**कटनी।** देश में प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा कर वादाखिलाफी करने वाले प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर प्रदेश में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निर्देश पर युवा कांग्रेस ने बेरोजगार दिवस मनाकर प्रदर्शन किया। मप्र युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में कटनी में युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनु दीक्षित एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशू अंशू मिश्रा द्वारा स्टेशन चौराहे में बेरोजगार युवकों से चाय, पकोड़ा, फल, सब्जी, बूट पॉलिश आदि जैसे स्टाल लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेशाध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री ने युवाओं के साथ छलावा किया है। उन्होंने प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, जो महज एक जुमला साबित हुआ। जब युवा मोदी सरकार से नौकरी मांगता है, तो उन्हें पकोड़े बेचने की सलाह दी जाती है। जो की अत्यंत निंदनीय है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनु दीक्षित ने कहा कि केन्द्र सरकार रोजगार के नए आयाम स्थापित कर रोजगार देना तो दूर रोजगार प्राप्त युवाओं तक को बेरोजगार कर रही है। देश में युवा नौकरी से निकाले जा रहे है। आज का सांकेतिक प्रदर्शन मोदी सरकार को गहरी नींद से जगाने हेतु युवा कांग्रेस द्वारा पीएम के जन्मदिवस पर किया जा रहा है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशू मिश्रा अंशू ने कहा कि शिक्षित युवा अपनी डिग्री लिए दरबदर भटक रहा है। देश भर में एनएसयूआई नौकरी दो या डिग्री वापस लो की मुहिम चला रही है। देश में डिग्री पाकर भी छात्र बेरोजगार भटक रहा है। मोदी सरकार केवल चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी है, जिसके फलस्वरूप पूरे देश में मंदी की मार है और शिक्षित युवा बेरोजगार घूम रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रामनरेश त्रिपाठी, विक्रम खंपरिया, रिजवान अली, करन सिंह चौहान, वेंकटेश गौड़, विवेक पांडेय, रौनक खंडेलवाल, मुकेश यादव, मनोज गुप्ता, राहुल पटेरिया, कपिल रजक, मोहम्मद इसराइल, विकास निगम, आश्चर्य तिवारी, अजय खटीक, आशीष चतुर्वेदी, विकास दुबे, सोनू मंसूरी, अजीव गौतम, विपिन तिवारी, डेनिश अहमद, अर्जित खरे, हैप्पी गुप्ता, अंकुश सोनी, आदित्य जैन, मंजु मिश्रा, रुक्मणी पांडेय, जगदीश निषाद, श्याम पाहुजा, विनोद श्रीवास, चोखेभाई समेत बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही।



# कैमोर थाना परिसर में लगाए कई प्रजातियों के फलदार वृक्ष

**कटनी।** पुलिस मुख्यालय के आदेश पर थानों व चौकियों में दो दिवसीय स्वच्छता व वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के निर्देशन में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन के द्वारा थाना परिसर में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान किया गया। जिसके तहत टीआई अरविंद जैन और पुलिस स्टाफ के द्वारा थाना परिसर में फलदार वृक्षों को लगाया गया। साथ ही परिसर में पुलिस कर्मचारियों ने मिलजुल कर साफ़ सफाई का आयोजन किया गया।



# कोविड महामारी के दौरान रेलवे की लक्ष्य से अधिक आय

**कटनी।** रेलवे बोर्ड द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे के लिए स्क्रैप के निपटान का लक्ष्य पूरा करने में हमेशा ही अग्रणी रहा है। पमरे ने पिछले वर्ष 2020-21 में भी कोविड महामारी की कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए लक्ष्य से अधिक स्क्रैप का निपटान करके करोड़ों रूपयों का राजस्व हासिल कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2020-21 में 188 करोड़ रूपए का स्क्रैप निपटाकर राजस्व में वृद्धि की थी। इस वर्ष भी कोविड महामारी की दूसरी लहर की विषम परिस्थितियों के बावजूद भी वर्ष 2021-22 में पिछले 5 महीनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। स्क्रैप निपटान में पश्चिम मध्य रेल ने 12361 मीट्रिक टन स्क्रैप रेल मटेरियल, 10348 मीट्रिक टन स्क्रैप फेरस, 471 मीट्रिक टन स्क्रैप नॉन फेरस, 87 स्क्रैप वैगन, 17 स्क्रैप कोचेस, 4 स्क्रैप लोको एवं 3386 मीट्रिक टन अन्य स्क्रैप का निपटान करके 101.53 करोड़ का राजस्व में वृद्धि की गई। रेलवे में स्क्रैप निपटारा होने से खाली जगहों की कई उपयोगिता साबित हुई है। रेलवे में स्क्रैप निपटान से राजस्व में वृद्धि होती है, साथ ही अन्य स्त्रोत की आय में भी बढ़ोत्तरी हुई। स्क्रैप निपटान से खाली हुई जगह को अन्य रेलवे द्वारा गतिविधियों के लिए उपयोग में लायी जा सके। इस निपटान से रेल खंड भी साफ सुथरा रहता है, जो यात्रियों को सुगम एवं अच्छा यात्रा का अनुभव कराता है। इसके साथ ही स्क्रैप मटेरियल में कमी होती है। महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह के प्रोत्साहन, मार्गदर्शन एवं समस्त विभागाध्यक्षो प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडल के मंडल रेल प्रबंधकों, भोपाल एवं कोटा कारखाना के मुख्य कारखाना प्रबंधकों, मुख्य सामग्री प्रबंधकध् बिक्री, मुख्य रेल पथ अभियंता, मुख्य चलशक्ति अभियंताए मुख्य विद्युत लोको अभियंता तथा वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी टीम द्वारा कार्य किया गया है। इस स्क्रैप निपटान में रेलवे समस्त विभागों विशेषकर इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, एसएनटी, लेखा एवं स्टोर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अथक परिश्रम शामिल है। इसी तरह पश्चिम मध्य रेल इस वर्ष भी स्क्रैप निपटान में समय से पहले लक्ष्य हासिल करने के लिए आगे बढ़ रहा है।

## स्क्रैप निपटारा में 100 करोड़ से अधिका का राजस्व मिला



# वेक्सीनेशन महा अभियान में जायंट्स ने किया सहयोग

कटनी। जायंट्स स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा सप्ताह के शुभारंभ में जांयट्स सहेलियों द्वारा महा वैक्सीनेशन अभियान में सहयोगी के रुप में पुरानी कचहरी में वैक्सीनेशन के लिए अपनी गली मोहल्ले से ले जाकर लोगों को वैक्सीनेशन करवाया। गली मोहल्ले में लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया। इस सेवा कार्य में अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव, यूनिट डायरेक्टर दीपिका शर्मा, सचिव दीपाली गुप्ता, उपाध्यक्ष मीना शुक्ला, गौरी साहू, रिली गुप्ता सभी सहेलियों की उपस्थिति रही।

# उत्तम त्याग धर्म में अज्ञान, असंयम, राग, द्वेष से मुक्ति

**कटनी।** दस लक्षण महापर्व में सातवां दिवस उत्तम त्याग धर्म का दिन है। यह पर्व सर्व भौमिक सर्वकालिक एवं प्राणी मात्र को सुखी करने वाले है। जैन धर्म में व्यवहारिक दृष्टि से सम्यक दर्शन के साथ होने वाले आहार, दान, औषधि, दान, ज्ञान, दान, अभय दान इत्यादि को भी त्याग धर्म के रूप में निरूपित किया जाता है। ये साधन गृहस्थों के पास तो होते हैं, परंतु मुनिराज के पास नहीं होते है, जबकि त्याग धर्म के स्वामी तो मूलतः निर्गंथ मुनिराज होते है, इसलिये धर्म तो वीतराग भाव रूप होता है, फिर प्रश्न हो सकता है कि उत्तम त्याग धर्म में किसका त्याग होता है। उत्तम त्याग धर्म में अज्ञान, असंयम, राग, द्वेष, मोह का त्याग किया जाता है, क्योंकि यह ही दुःख के कारण हैं। मुनिराज आहार, दान, औषधी, दान, ज्ञान, दान, अभय दान नहीं देते है। मुनिराज को ज्ञानदान की मुख्यता होती है। जगत के प्राणियों को क्षुधारोग मिटाने का उपाय बताते हैं। वस्तु स्वरूप का उपदेश देते हैं, जिनसे संसारी जीवों को सात प्रकार का भय समाप्त हो जाता है।

# साधुओं द्वारा सारे परिग्रह छोड़ने का नाम त्याग

## पर्वराज पूर्यषण पर्व पर विद्ववान पंडित विनय कुमार शास्त्री के उद्गार

**कटनी।** पर्वराज पूर्यषण पर्व पर संगानेर राजस्थान से आए विद्ववान पंडित विनय कुमार शास्त्री ने बतलाया कि साधुओं द्वारा सारे परिग्रह को छोड़ने का नाम त्याग है और गृहस्थ के द्वारा दिये गये दान को त्याग कहा गया है। आप अपने द्वारा कमाए गए धन का कुछ भाग परोपकार के लिए दान करें, तभी आप का जीवन सुखमय होगा। उन्होंने कहा कि त्यागी पूजा की जाती है और दानी की प्रशंसा गृहस्थ की शोभा दान से होती है। परोपकार की भावना से अपने द्वारा कमाए गए धन का कुछ भाग अवश्य दान करें। क्यों कि दान करने से कर्मों की निर्जरा होती है। इस अवसर पर जैन मिलन के अध्यक्ष सरत जैन एवं उपाध्यक्ष समीर जैन ने बतलाया कि रात्रि में महा आरती का भव्य आयोजन एवं रात्रिकालीन पाठशाला जैन मिलन द्वारा प्रश्नोत्तरी खेल-खेल में जाने कार्यक्रम रखा गया, जिसकी सभी ने सराहना की। जैन युवाओं द्वारा बड़े मंदिर जी में महाआरती एवं महावीर कीर्ति स्तंभ में विश्व शांति की कामना के लिए णमोकार महामंत्र का अखण्ड पाठ 24 घंटे का रखा गया। पंचायत महासभा के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन कंजे, कोमलचंद जैन ने बतलाया कि पर्व के समापन पर पाढ़ना जुलूस 20 सितम्बर को प्रातः 8 बजे महावीर कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होगा तथा हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ अरविन्द्र सिंघई, महामंत्री कैलाश जैन सोगानी ने बतलाया कि सोमवार को प्रात 7 बजे धर्म प्रभावना हेतु शोभायात्रा जैन मंदिर से निकाली जाएगी। पंचायत महासभा के अध्यक्ष दादा संतोष कुमार मालगुजार ने सभी स्वाजातीय बन्धुओं, माताओं, बहनों से कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी जिला कटनी म.प्र.

ईमेल- apmckatni@gmail.com, दूरभाष-07622240063

क्र./मंडी/स्टोर/2021-22/1148 कटनी, दिनांक 17.09.21

### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्व संबंधित विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन उपयोग हेतु अग्रलिखित सामग्री की आवश्यकता है:-

| क्र. | सामग्री का नाम | विवरण | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | एम्प्लीफायर 500 वाट (PAसिस्टम) | आहूजा SSA5000DP/UBA500DP (with USB सपोर्ट) | 01 नग |
| 2 | आउटडोर लाउडस्पीकर | 588 एम.एम. हार्न/ट्रमपेट | 04 नग |
| 3 | लेजर प्रिंटर ब्लैक एंड व्हाइट | (HP 108A/Canon LBP6030B/Brother HL-L232ID) | 03 नग |
| 4 | प्रिंटर कलर आल इन वन | (EPSON ECO TANK L 3150/CANON E-4270) | 01 नग |

उपरोक्तानुसार सामग्रियों हेतु पृथक-पृथक सीलबंद निविदायें संस्था/विक्रेता के लेटर हेड पर सामग्री के विवरण, दर एवं वारंटी/गारंटी आदि सहित दिनांक 11.10.2021 समय 5.00 बजे तक कार्यालय में केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.10.2021 को दोपहर 12.00 बजे कृषि उपज मण्डी समिति कटनी के कार्यालय में खोली जावेंगी। विस्तृत विवरण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत/सामग्री की संख्या में परिवर्तन का अधिकार मंडी समिति को होगा जिसके लिये कारण दर्शाना आवश्यक नहीं होगा।

(बलवीर रमण)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति कटनी

(पीयूष शर्मा)
सहायक संचालक/सचिव
कृषि उपज मंडी समिति कटनी



न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

- 1 दिन - 150/-
- 3 दिन - 250/-
- 7 दिन - 500/-
- 15 दिन - 1200/-
- 30 दिन - 1800/-

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

## कटनी जीआरपी की अमानवीय हद

# पंचनामा के लिए अस्पताल से स्ट्रेचर पर घसीटते हुए स्टेशन मंगवाई लाश

**कटनी।** सरकारी नुमाइंदे जब कभी कोई मानवीय कार्य करते है तो निःसन्देह उनकी प्रशंसा होती है लेकिन जब इन्ही सरकार के नुमाइंदों का अमानवीय चेहरा सामने आता है तो सारी अच्छाई न चाह कर भी व्यक्ति भूलने पर मजबूर हो जाता है। शुक्रवार 17 सितंबर की शाम अमानवीय चेहरे का ऐसा ही एक उदाहरण कटनी जीआरपी मतलब रेल पुलिस का देखने को मिला। अक्सर किसी दुर्घटना में मृत व्यक्ति का शव कटनी के रेल स्टेशन से जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए स्ट्रेचर पर ले जाते हुए देखा जाता है क्योंकि इतने बड़े जिले में आज भी रेलवे या रेल पुलिस के पास कोई ऐसा शव वाहन नहीं है। जिससे शव को जिला अस्पताल लाया जा सके लेकिन शुक्रवार की शाम का नजारा विपरीत था। अस्पताल से एक शव को स्ट्रेचर पर घसीटते हुए दो युवक स्टेशन की तरफ ले जा रहे थे। यह नजारा देख यशभारत के संवाददाता से रहा नहीं गया तो उसने इस अजीबोगरीब दृश्य के बारे में उन युवको से जानकारी ली। इस जानकारी में जो बात सामने आई उसे सुनकर आपका भी दिल भर आएगा। दरअसल एक युवक अपने जिगरी दोस्त का शव एक अन्य युवक की मदद से जिला चिकित्सालय से घसीट कर कटनी मुख्य स्टेशन ले जा रहा था। उसने जो कहानी बताई उसके अनुसार दो युवक किसी के कहने पर आंध्रप्रदेश रोजगार के लिए गए थे। यहां उन्हें रोजगार के बदले धोखा मिला थक हार दोनों वापस अपने गांव जाने के लिए निकले लेकिन रास्ते में उनके साथ जो कुछ हुआ वह ईश्वर किसी के साथ न करे।

यश भारत लाइव

### पोस्टमार्टम के लिए स्ट्रेचर पर ले जाते शव



### सिंगरौली के युवकों के साथ हादसा

सिंगरौली से आदिवासी युवक राममिलन बैगा 31 वर्ष अपने दोस्त रामनरेश बैगा के साथ आंध्रप्रदेश के मेलूर गए थे। यहां जिस व्यक्ति ने रोजगार के लिए कहा था वह गायब हो गया। काफी भटकने के बाद भी जब इन दोनों को रोजगार नहीं मिला तो इन दोनों ने वापस सिंगरौली जाने के लिए ट्रेन पकड़ी।

### स्टेशन पर ही हो गई मौत

मेलूर से ही राममिलन की तबियत कुछ खराब थी। कटनी आते-आते उसकी तबियत और बिगड़ गई। इधर कटनी स्टेशन पर ये दोनों सिंगरौली जाने के लिए ट्रेन पकड़ने उतरे। इसी बीच राममिलन बेहोश हो गया। स्टेशन पर जीआरपी के एक आरक्षक ने रामनरेश को जिला अस्पताल जाने के लिए कहा। रामनरेश जैसे तैसे अपने मित्र को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा लेकिन यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### फिर शुरू हुआ सरकारी औपचारिकता का खेल

युवक की मौत के बाद शुरू हुआ सरकारी औपचारिक खेल। पोस्टमार्टम के लिए मृतक का पंचनामा आदि किया जाना था। सो अस्पताल चौकी ने रामनरेश को जीआरपी भेज दिया। यहां बैठे अधिकारी से औपचारिकता पूरी करने के लिए रामनरेश गिड़गिड़ाते हुए अस्पताल चलने का आग्रह करता लेकिन उस अधिकारी ने एक न सुनी और फरमान सुना दिया कि लाश को स्टेशन वापस लाना पड़ेगी।

### दोस्त निकल पड़ा लाश लेकर

इधर उधर गिड़गिड़ाने के बाद भी जब बेचारे रामनरेश को कोई भी मदद नहीं मिली तो उसके पास एक ही चारा था स्ट्रेचर पर शव को लाद कर वापस स्टेशन लाया जाए तो बेचारे ने यही किया और निकल पड़ा अपने दोस्त को स्ट्रेचर पर लेकर वापस स्टेशन। रास्ते में यशभारत के संवाददाता ने जब जानकारी ली और जीआरपी को इस अमानवीय घटना के लिए पूछा तो वहां से गोलमोल जवाब दिया जाने लगा। बहरहाल तब तक शव स्टेशन पहुंच चुका था। औपचारिकता निभा कर उसे फिर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम में न तो अस्पताल चौकी पुलिस ने अस्पताल में ही औपचारिकता या शव को वापस किसी शव वाहन से पहुंचाने की व्यवस्था की न ही जीआरपी ने औपचारिकता के लिए अस्पताल पहुंचने की जहमत उठाई। कुल मिलाकर इस संवेदनहीनता से एक युवक अपने दोस्त का शव स्ट्रेचर पर लेकर शहर की सड़कों में घूमता रहा।

### चांद पर जाने वाले देश की हकीकत

यह सब उस देश मे है जहां हम चांद पर कदम रखने में खुश हो जाते हैं। हवाई अड्डा बनाने की मांग करते हैं। रेलवे स्टेशन में एस्केलेटर पर चल कर खुश होते हैं या फिर 4 जी मोबाइल से वीडियो कॉलिंग कर वीडियो मीटिंग कर अपने आप को बेहद उन्नत समझने की भूल करते हैं। दरअसल हमारे सिस्टम की संवेदनहीनता आज भी उन्नत और विकसित नहीं हो सकी। बदन पर खाकी का रुतबा आज भी जनता के प्रति ऐसे अमानवीय द्रश्य से हमारे सिस्टम और सरकार का सिर शर्म से नीचा कर देते हैं।

## युवक से 60 लीटर हाथ भठ्ठी शराब बरामद

**कटनी।** कोतवाली क्षेत्र की खिरहनी पुलिस चौकी अंतर्गत खिरहनी रेल फाटक क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देकर एक युवक को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 1200 रूपए कीमती 60 लीटर हाथ भट्ठी शराब जप्त की है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कटनी-सतना रेलखंड के किनारे वेंकट वार्ड निवासी अरूण पिता मनोहर निषाद नामक युवक को पुलिस ने अवैध रूप से हाथ भठ्ठी शराब बनाते पकड़ा है। उसके कब्जे से प्लास्टिक के गुम्मो में भरकर रखी गई 60 लीटर हाथ भठ्ठी शराब जप्त की गई है। जिसकी कीमत 1200 रूपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा-निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला व कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई खिरहनी फाटक पुलिस चौकी प्रभारी प्रीती पांडे, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक पवन सिंह, आरक्षक भूपेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, अमित सिंह के द्वारा की गई।

## विधिक सेवा प्राधिकरण ने बच्चों को जागरूक करने उठाया बीड़ा

**कटनी।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार दिनेश कुमार नोटिया, जिला न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा एमसीआरसी रवि अहिरवार बनाम मध्यप्रदेश शासन में जारी दिशा-निर्देश के अनुपालन में 16 सितम्बर को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में श्रम विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। इस संबंध में सभी अधिकारियों को लघु फिल्म उड़ने दो का स्कूल एवं अन्य संस्थानों में जागरूकता शिविरों में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराये जाने एवं संपूर्ण जिले में अधिक से अधिक बच्चों को विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से जागरूक किये जाने हेतु रूपरेखा तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों से अपील करते हुये कहा कि बच्चों के मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुये ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने की आवश्यकता है, जिसमें आप सभी विभागों का महत्वपूर्ण योगदान है।



# झिंझरी जेल में एक और विचाराधीन बंदी की मौत

### अस्पताल में परिजनों का हंगामा

**कटनी।** जिला जेल झिंझरी के एक और विचाराधीन बंदी की जिला अस्पताल में मौत हो गई। कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम चरी निवासी 23 वर्षीय धरमू उर्फ धर्मेन्द्र पटेल धारा 376 का आरोपी था। वह 18 नवंबर 2020 से जिला जेल झिंझरी में विचाराधीन बंदी के रूप में निरूद्ध था। धरमू की तबियत खराब होने पर 9 सितंबर को उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। इसी बीच जिला चिकित्सालय के जेल वार्ड से एक कैदी सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया तो धरमू का उपचार पूरा हुए बगैर उसको 13 सितंबर को वापस जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि गतदिवस धरमू की तबियत फिर अचानक बिगड़ी और इस बार उसकी अस्पताल पहुंचने के पूर्व जेल में ही मौत हो गई। धरमू की मौत की खबर पाकर उसके परिजन अस्पताल पहुंच गए और जेल प्रशासन पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने समझा बुझाकर परिजनों का आक्रोश शांत कराया। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## पांचवी मंजिल से कूदकर विवाहिता ने दी जान



**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत पन्ना मोड़ के समीप स्थित सांई अपार्टमेंट की पांचवी मंजिल से कूदकर एक विवाहिता के द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि 37 वर्षीय कल्पना पति रोहित द्विवेदी सांई अपार्टमेंट में रहती है। उसके द्वारा शुक्रवार को पांचवी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली गई। मायकेपक्ष ने मामले अभी कोई आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# ट्रक लूट का दूसरा आरोपी खंडवा से गिरफ्तार

### कुठला पुलिस की कार्रवाई, दो अब भी फरार

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ट्रक लूटकांड के दूसरे आरोपी को भी पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस आरोपी को खंडवा से गिरफ्तार कर कटनी लाई और न्यायालय में पेश किया। गौरतलब है




कि कुठला थाना अंतर्गत बीते साल 2020 में ट्रक क्रमांक एम.पी.09एचएच-6773 लूट की वारदात हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध धारा 365, 392 के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने लूटे हुए ट्रक को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ग्वालियर के आगे बामोर मुरैना से बरामद किया था। आरोपियों के मोबाईल की टॉवर लोकेशन के आधार पर आरोपी कोमलराम विश्नोई निवासी कालापाठा मोहल्ला खालवा थाना खालवा जिला खण्डवा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। प्रकरण के अन्य आरोपी दिलीप परमार, महेश पटेल तथा छोटू उर्फ हरिओम पटेल की पतासाजी के दौरान आरोपी दिलीप परमार पिता पीरूलाल परमार निवासी ग्राम ब्राम्हण बरौदा थाना इंगोरिया जिला उज्जैन को खण्डवा से गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के प्रार्थी फूलचंद जायसवाल का लूटा हुआ सेमसंग कंपनी का मोबाईल बरामद किया गया है। कार्रवाई कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह के मार्गदर्शन में सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, रामेश्वर सिंह, राहुल सिंह, आरक्षक समशेर सिंह की भूमिका रही।



# गणपति को अर्पित किये 56 भोग

### 111 किलो लड्डू का चढ़ाया महाप्रसाद



**कटनी/कैमोर।** यंग स्टार गणेशोत्सव समिति द्वारा मुरलीधर मंदिर के समीप इस बार भी विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य भगवान शिव गौरी नंदन श्रीगणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। बीते 15 सितंबर को भगवान श्रीगणेश की महाआरती के साथ 56 भोग का प्रसाद अर्पित कर महाआरती की गई वहीं दूसरे दिन 111 किलो के लड्डू का महाप्रसाद चढ़ाया गया। कैमोर नगर में इस बार भी गणेशोत्सव पर्व पर अमरैय्यापर से लेकर तिलक चौक तक जगह जगह भव्य पंडाल बनाकर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमायें स्थापित की गई हैं। कोरोना प्रोटोकाल और शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत गणेश पंडालों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे। सुबह शाम पूजन और आरती के समय ही श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे। आजाद चौक गणेशोत्सव समिति द्वारा आजाद चौक में पिछले चार दशकों से भगवान विघ्नहर्ता की स्थापना की जा रही इस बार भी यहां मंगलमूर्ति श्रीगणेश जी विराजे हैं। आजाद चौक और मुरलीधर मंदिर के अलावा अमरैय्यापार एसंडे मार्केटएए आर्टिजन कालोनी, पनिहाई कॉलोनी, लालनगर, खलवारा बाजार एएवरेस्ट और तिलक चौक में भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। यंग स्टार गणेशोत्सव समिति के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा गणेशोत्सव पर इस बार भी 56 भोग एवं 111 किलो के विशाल लड्डू का महाप्रसाद भगवान श्रीगणेश को अर्पित किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009



CITY Mall

EVERYTHING UNDER ONE ROOF

AVAILABLE FACILITIES

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

ASSOCIATED WITH

BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
Food Junction
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS
GRAVITY THE PUB



## नाम विलोपन विज्ञापन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल कटनी की शांति नगर कालोनी स्थित पानी की टंकी वाला भूखण्ड जो **1. श्रीमति लक्ष्मी देवी पति श्री लोकचंद 2. श्रीमति कविता देवी पति श्री श्रीचंद उधवानी 3. श्रीमति रोशनी देवी पति श्री मनोहर लाल एवं 4. श्रीमति कंचन देवी पति श्री सुशील कुमार के नाम आवंटित है उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 682.83 वर्गमीटर है।** उक्त चारों आवंटियों में से श्रीमति कविता देवी पति श्री श्रीचंद उधवानी द्वारा पंजीयक कार्यालय से पंजीकृत हक त्यागनामा तैयार कराकर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर अपना हक त्यागने हेतु आवेदन दिया है, साथ ही निवेदन किया है कि उक्त भूखण्ड से उनका नाम विलोपित कर मात्र शेष तीन आवंटियों का नाम रहने दिया जाए। अतः उक्त भूखण्ड से श्रीमति कविता देवी पति श्रीचंद ऊधवानी का नाम विलोपित करने की कार्यवाही की जावेगी, यदि किसी बैंक, वित्तीय संस्था, किसी व्यक्ति विशेष या पारिवारिक सदस्यों को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन जारी होने के 15 दिवस के अंदर इस कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज कराये। निधारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर नाम विलोपन की कार्यवाही कर दी जायेगी। इसके पश्चात आपत्ति आने पर यह कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना**
**विकास मण्डल संभाग, कटनी**



## सिटी मॉल बरही रोड में




शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 3 शो ता. 10 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से

कलाकार- कंगना रणावत, अरविंद स्वामी, भाग्यश्री, मधु आदि।

थलाइवी

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

## सिटी मॉल बरही रोड में




हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 2 शो ता. 17 से दोपहर 12 एवं 2 बजे से

कलाकार- रेयान रेनल्डस, जोडी कमर, लिल रेल, जो केरी आदि।

FREE GUY

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

## सिटी मॉल बरही रोड में




हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 2 शो ता. 17 से सायं 4 एवं 7 बजे से

कलाकार- सीमू ल्यू, एक्वाफीना, टोनी लेंग, फला चेन आदि।

SHANG-CHI

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)